**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 25.02.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत।**

दिनांक 25.02.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :-

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री योगेन्द्र कुमार | अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी। |
| 2 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 3 | श्री नितेश प्रताप सिंह | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 4 | श्री अनिल कुमार | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 5 | श्री वैभव गंगवार | सहायक अभियन्ता (वि./यॉ.), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 6 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 7 | श्री दीपू वर्मा | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 8 | श्री राजेश कुमार | सहायक अभियन्ता, झाँसी डिवीजन, केतवा कैनाल, झाँसी। |
| 9 | श्री अर्जुन ठाकुर | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 10 | श्री आशुतोष श्रीवास्तव | टीम लीडर, पी.टी.आई., झाँसी। |
| 11 | श्री आर.एल. रमेश | डी.जी.एम., मैसर्स एन.सी.सी., झाँसी। |
| 12 | श्री अक्षय कुमार ओझा | डी.पी.एम., बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 13 | श्री जे.एस. पैट्रीक | पी.एम., मैसर्स आई.एच.पी., झाँसी। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :-

- **जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा।**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिनके कार्यो की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :-

**गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना**

योजनान्तर्गत कुल 42 ग्राम सम्मिलित है। योजना में 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 07 नग ओ.एच.टी., 4 नग सी.डब्लू.आर., 309.38 किमी. पाइप लाइन एवं 1147 नग गृह संयोजन प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कराते हुये योजना में सम्मिलित सभी 42 नग ग्रामों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है तथा योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म द्वारा 42 नग ग्रामों का हर घर जल प्रमाणिकरण कार्य पूर्ण कराते हुये योजना का संचालन एवं अनुरक्षण किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित फर्म के डी.जी.एम. श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित ग्राम कुम्हारिया-बिरहटा के मध्य बिछी पाइप लाइन से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पाइप चोरी कर लिया गया है, जिस कारण ग्रामों की जलापूर्ति बाधित हो गई है, जिस पर अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी को शिकायती पत्र देते हुये अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि प्रकरण पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

**बचावली ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में से 37 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा वर्तमान में योजना का ओ.एण्ड एम. प्रारम्भ किया जा चुका है।

**तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 25 ग्रामों से 24 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 01 ग्राम (तालरमनन्न) में सड़क पुर्नस्थापना कार्य पूर्ण न होने के कारण "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य शेष है। योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया है कि कुछ ग्रामवासियों द्वारा गृह संयोजनों में टिल्लू पम्प का प्रयोग करने, गृह संयोजनों से टोटियां एवं जी.आई. स्टैण्ड निकाल लिये गये है, जिस ग्राम के ऊंचाई वाले भाग में पेयजल नही पहुँच पा रहा है तथा ग्राम प्रधान द्वारा समस्त ग्राम में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने के उपरान्त ही "हर घर जल" प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने हेतु अवगत कराया गया है, जिस पर अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि श्री आर.एल. रमेश को निर्देशत किया गया है कि समस्त ग्राम में पर्याप्त श्राव से जलापूर्ति प्रारम्भ कराते हुये ग्राम तालरमन्ना सहित ग्राम के मजरें क्रमशः दानीपुरा एवं टपुआ में 15 दिनों के अन्दर अनिवार्य रूप से शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ कराते हुये ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित कराना सुनिश्चित करें।

**बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों में से 55 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य किया जा चुका है। अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया है कि 04 नग ग्रामों को "हर घर जल" प्रमाणिकरण कार्य शेष है, जिसके सापेक्ष बूस्टर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिस पर अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी द्वारा रोष व्यक्त के करते हुये फर्म के प्रतिनिधि को अवगत कराया गया कि विगत 03 माह से बूस्टर पम्प अधिष्ठापन सम्बन्धी कार्य शेष है, जो उचित नही है। अतः आगामी 10 दिनों के अन्दर बूस्टर पम्प अधिष्ठापन सम्बन्धी कार्य समस्त कार्य पूर्ण कराते हुये ग्रामों को "हर घर जल" प्रमाणित कराना सुनिश्चित करें। ताकि आगामी ग्रीष्म ऋतु में ग्रामवासियों को पेयजल समस्या का सामना न करना पड़े। अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि माननीय मंत्री जी द्वारा योजना के ग्राम खररांहा बुजुर्ग में किये गये निरीक्षण के समय ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया था कि ग्राम के 100 से 150 गृह संयोजनों में जलापूर्ति नही हो रही है, जिस पर अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को आगामी 10 दिनों के अन्दर सम्पूर्ण ग्राम में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ कराने हेतु निर्देशित किया गया।



**कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 74 ग्रामों से 71 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण कराते हुये 71 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों के कारण जलापूर्ति बन्द 06 ग्रामों में से 03 ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। परन्तु शेष पाइप लाइन की मरम्मत लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक प्रारम्भ नही की गयी है, जिस कारण शेष 03 ग्रामों की जलापूर्ति वर्तमान में भी बन्द है, जिस पर दोनों विभागों के मुख्य अभियन्ताओं एवं अन्य अधिकारियों की समिति गठित कराकर उक्त प्रकरण पर शीघ्र निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त सिविल कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। 16700 नग गृह संयोजनो के माध्यम से योजना में सम्मिलित कुल 87 ग्रामों में से 83 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 55 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। बैठक में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि शेष 04 ग्रामों (मऊदेहात, बछैरा, तुर्कलहचुरा एवं ढिमलौनी) को कमीशन्ड करते हुये माह मार्च–2025 तक योजना में सम्मिलित समस्त ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि अनुबन्धित फर्म द्वारा ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना सम्बन्धी कार्यो को अत्यन्त धीमी गति से कराया जा रहा है, जिस कारण आई.जी.आर.एस., सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं अन्य माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हो रही है, जिस पर अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गयी सड़कों के अवशेष सड़क पुर्नस्थापना कार्य को शीघ्र कराने हेतु फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया, जिस पर अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवशेष ग्रामों में अप्रैल–2026 तक जलापूर्ति प्रारम्भ करने, ग्रामों में अवशेष सड़क पुर्नस्थाना कार्य को पूर्ण कराने एवं योजना का अनुरक्षण एवं संचालन प्रारम्भ कराने हेतु आश्वस्त किया गया।



**टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वेल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टेक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54860 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 02 नग इन्टेक वेल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–95%, 27 नग ओवर हैड टेक–95%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–95%, 5.57 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 271.37 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1381.50 किमी. वितरण प्रणाली, 29810

नग एच.टी.सी. (अक्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 17320 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 93 ग्रामों के सापेक्ष 76 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 47 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा बरथरी ग्रा.स.पे.यो. में 7730 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 106 ग्रामों के सापेक्ष 63 ग्रामों में आंशिक एवं 30 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। बैठक में उपस्थिति फर्म के प्रतिनिधि श्री अक्षय कुमार ओझा द्वारा अवगत कराया गया कि टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के समस्त ग्रामों में मार्च–2026 तक शत–प्रतिशत नियमित जलापूर्ति जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामों बिछायी गयी पाइप लाइनों में गैप क्लोजिंग का कार्य अवशेष होने के कारण ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ नही करायी जा पा रही है, जिस पर अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को ग्रामों में बिछायी गयी पाइप लाइनों के गैप क्लोजिंग के कार्य मशीनरी एवं श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुये शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि ग्रामवासियों को पेयजल योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकें। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत ग्राम गढ़वई–ककरवई मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्च चौड़ीकरण कार्य के दौरान लगभग 01 माह पूर्व क्षतिग्रस्त 300 मिमी. व्यास की डी.आई. के–9 राईजिंग मेन को वर्तमान तक मरम्मत न कराने के कारण योजना के कचीर व दुररई जोन के ग्रामों की जलापूर्ति बाधित है। साथ ही ग्राम गढ़वई–परसुआं सम्पर्क मार्ग पर भी लोक निर्माण विभाग द्वारा 200 मिमी. व्यास डी.आई. के–9 राईजिंग मेन पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिस कारण ग्राम परसुआं में निर्मित उच्च जलाशय को भरा जाना सम्भव नही हो पा रहा है। जिस पर अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा लोक निर्माण विभाग को उक्त पाइप लाइन की अविलम्ब मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान मैसर्स बी.जी.सी.सी., नई दिल्ली द्वारा क्रियान्वित की जा रही पेयजल योजनान्तर्गत फर्म द्वारा लगाये गये श्रमियों की संख्या एवं उन्हें किये जा रहे भुगतान (घटकवार) का सत्यापन करते हुये सत्यापन आख्या अविलम्ब उपलब्ध कराने हेतु टी.पी.आई. एवं पी.एम.सी. को निर्देशित किया गया।

<u>पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में योजना में समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। योजना में सम्मिलित 32 ग्रामों में से 32 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

<u>बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित 58 ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करते हुये 58 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झाँसी द्वारा टहरौली से ग्राम गाता मार्ग पर पुरानी पुलिया के स्थाना पवर बाक्स कलवर्ट का निर्माण किया जा रहा है, जिसके दौरान 150 मिमी. व्यास डी. आई. के–7 पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिस कारण योजना के दो ग्रामों (गाता एवं गुदहा) की जलापूर्ति बाधित हो गयी है।



जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन (रेट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनायें) 04 पैकेजों की समीक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 04 नग पैकेज स्वीकृत है, जिनके निर्माण कार्य प्रगति पर है। परन्तु लगभग 1½ वर्ष से अधिक समय से योजनान्तर्गत कराये गये कार्यो का भुगतान न होने के कारण योजनाओं की प्रगति धीमी है।

पैकेज संख्या–02 में सम्मिलित समस्त 13 योजनाओं के 21 ग्रामों में से 20 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। मात्र 01 ग्राम बसारी में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने हेतु जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना से जोड़ा जाना प्रस्तावित है।

पैकेज संख्या–03 में सम्मिलित समस्त 05 योजनाओं के 21 ग्रामों में से 12 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ (06 ग्रामों में शत–प्रतिशत एवं 06 ग्रामों 60–70 प्रतिशत) की जा चुकी है। 08 ग्रामों को बरथरी एवं 01 ग्राम को इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना से पेयजल प्राप्त करते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ की जानी प्रस्तावित है।

जनपद झाँसी में जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड़ की जलापूर्ति हेतु योजना निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वेल, 350 मिमी. व्यास की रॉ–वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य, 1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का निर्माण कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक योजना के 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण किये जा चुके है। योजना पर विद्युत संयोजन प्राप्त करने हेतु वांछित प्राक्कलन विद्युत विभाग को प्रेषित किया जा चुका है। विद्युत संयोजन प्राप्त होने के उपरान्त योजना को क्रियाशील कर दिया जायेगा।

जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड़ योजना के द्वितीय चरण में प्रस्तावित 03 नग ओवर हैड टैंकों के कार्य टॉप डोम तक पूर्ण किया जा चुका है। राईजिंग मेन बिछाने का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण कराते हुये वर्तमान तक योजना के 78 प्रतिशत कार्यो को पूर्ण किये जा चुके है। शेष कार्यो को अप्रैल–2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, झाँसी के उपस्थित रहने पर अपर जिलाधिकारी (न.ग.) झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये बैठक में उपस्थित जल संस्थान के सहायक अभियन्ता को निर्देशित किया गया है कि अधिशासी अभियन्ता को आगामी बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने हेतु अवगत कराया जायें।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

~~अनुमोदित~~

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

(योगेन्द्र कुमार)
अपर जिलाधिकारी (न.ग.)
झाँसी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक–478/M-28/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत्त/2026/140 दिनाँक: 24 मार्च, 2026

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
3– मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी।
4– समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन